

डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार




दैनिक

पटना, 26 फरवरी, रविवार, 2023


## संपादक की कलम से




हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नही समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की



जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-

**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278



# #कांग्रेस महाधिवेशन




कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने ध्वजारोहण कर कांग्रेस के 85वें अधिवेशन की विधिवत शुरुआत की। इस दौरान CPP चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी जी, राहुल गांधी जी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल जी ने भी राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

**छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल जी ने कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में सम्मिलित होने पर राहुल गांधी जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वर्तमान तानाशाही हुकूमत में देश का संविधान खतरे में है.. इस अधिवेशन से संविधान बचाने का संकल्प लेकर दिशा व दशा बदलने का काम करेंगे।**

# सेवा, संघर्ष, बलिदान, यही होगा हमारा हिन्दुस्तान: कांग्रेस







**पटना। कांग्रेस दर्पण**

आज भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष की 85 वें राष्ट्रीय महाधिवेशन का पूर्ण सत्र का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिका अर्जुन खड़गे जी के द्वारा धवजारोहन से शुभारंभ हुआ, जिसमे पूर्व अध्यक्षा त्याग, बलिदान की प्रतिमूर्ति कांग्रेस जनों के प्रेरणा श्रोत श्रीमती सोनिया गांधी, विश्व के लोकतंत्र के इकलौता महानायक श्री राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी सहित सभी पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने कहा कि आज पूर्ण सत्र जिसमे देशभर से आए ए आई सी सी डेलीगेट, पी सी सी डेलीगेट, विशेष आमंत्रित सदस्य से खचा, खच भरा हुआ महाधिवेशन स्थल के मंच पर ध्वजारोहण के बाद जैसे ही राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी,तथा अन्य वरिष्ठ नेता पहुंचे पूरा महाधिवेशन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी।

मंच पर छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी जी का गमजोशी से बुके देकर स्वागत करते हुए दोनो ने देशभर से आए सभी डेलीगेटो का स्वागत करते हुए आलाकमान के प्रति कृग्यता ज्ञापित किया की छत्तीसगढ़ में पहली बार राष्ट्रीय महाधिवेशन के लिए चुने जाने से हम छत्तीसगढ़ वासी काफी प्रसन्न है।


महाधिवेशन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे ने सबसे पहले देशभर के पी सी सी डेलीगेट, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सी डब्लू सी अपने को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी सेवा, संघर्ष, बलिदान यही होगा हमारा हिन्दुस्तान को आत्मसात करते हुए देश में बढ़ती हुई कमरतोड़ महंगाई, चरम पर पहुंची बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, नफरत, असमानता, धर्मवाद, संप्रदायवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद सभी को जड़ मूल से समाप्त करने का संकल्प दोहराते हैं।

खड़गे साहब ने कहा की देश के सजग, साहसी, संघर्षशील, जनप्रिय, लोकप्रिय, ईमानदार, विपक्ष, विश्व के लोकतंत्र के इकलौता महानायक राहुल गांधी जी के नेतृत्व में लगभग चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा कर भारत जोड़ो यात्रा से पार्टी में नई ऊर्जा का संचार हुआ है, जिसे हम देश की जनता की आवाज बुलंद कर भारत को नई दिशा देंगे। खड़गे साहब ने कहा की कांग्रेस स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई लड़ देश को आजाद कराई है, इसलिए हम कांग्रेस जन मोदी सरकार से डरने वाले नहीं है, जिस तरह महाधिवेशन को रोकने के लिए मोदी सरकार के इशारे पर छत्तीसगढ़ के कई नेताओ के यहां ईडी की छपा, पवन खेड़ा जी की बेवजह गिरफ्तारी, महाधिवेशन में शामिल होने आ रहे देशभर के डेलीगेट्स को जहां, तहां रोकने आदि का अथक प्रयास किया गया। महाधिवेशन में 6 बड़े संशोधन के साथ 85 संशोधन किए गए, पार्टी संगठन के छह बड़े संशोधन में पहला सामाजिक न्याय के क्रांति का आगाज, दूसरा पार्टी संगठन में अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़े को 50% आरक्षण, तथा 50% पार्टी पदों पर 50 वर्ष के कम उम्र एवम् महिलाओं के लिए आरक्षित होगा, तीसरा अब बूथ, पंचायत, वार्ड, मंडल, ब्लॉक, जिला, प्रदेश स्तरीय होगा, चौथा अब थर्ड जेंडर के साथ, साथ माता, पिता, पत्नी का भी नाम सदस्यता में अंकित होगा, पांचवां ब्लॉक, जिला, प्रदेश कांग्रेस के चुने सदस्य पी सी सी, डी सी सी डेलीगेट्स होंगे, छठा सदस्यता शासक्ति कारण हेतु अब आठ पर एक ए आई सी सी के बदले छह पी सी सी पर एक ए आई सी सी डेलीगेट होगा। इसी प्रकार राजनीतिक, आर्थिक , अंतरराष्ट्रीय, सहित सभी प्रस्ताओं पर विस्तित चर्चा के बाद सर्व सम्मति से पारित किया गया। महाधिवेशन में त्याग, बलिदान की प्रतिमूर्ति, कांग्रेस जनों के प्रेरणा श्रोत श्रीमती सोनिया गांधी जी के जीवन पर पांच मिनट का वीडियो भी दिखाया गया। वीडियो के बाद श्रीमती सोनिया गांधी जी ने महाधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा की कांग्रेस देश, देशवासियों के लिए समर्पित है, देश की एकता, अखंडता, सहिष्णुता, सामाजिक सद्भाव, विकास के लिए शुरू से आज तक और आगे भी करते रहेगा। सभी महत्वपूर्ण प्रस्ताओ को पार्टी के वरिष्ठ नेताओ में अंबिका सोनी, मुकुल वासनिक, कुमारी शैलेजा, कमलनाथ , गौरव गोगोई, आदि ने किया। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में सभी 100 ए आई सी सी डेलीगेट, 597 पी सी सी डेलीगेट, के साथ सभी को अपडेट डेलीगेट्स, पार्टी सी एल पी लीडर अजीत शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह विधान परिषद में पार्टी नेता डा मदन मोहन झा, सभी विधायक, विधान परिषद, जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, एन एस यू आई, महिला कांग्रेस , कांग्रेस सेवादल, सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष सहित सभी नेता कार्यकर्ता महाधिवेशन में भाग लिया।

प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, जगदीश प्रसाद यादव, रामाश्रय सिंह, मनमोहन शर्मा, राकेश नंदन, चंद्रिका प्रसाद यादव, हरिनारायण दिवेदी, कँहैया जी, प्रेम कुमार, सुनील शर्मा, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, विशाल कुमार, अमरजीत कुमार, प्रेम राय शर्मा, अशोक गुप्ता, शंभू सिंह अधिवक्ता, मृगनाल अनाम्य, आदि ने देशभर से आए सभी डेलीगेट्स का हार्दिक अभिनंदन करते हुए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कार्यक्रम के तहत कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता श्री राहुल गांधी जी के संदेश को जन, जन घर, घर में पहुंचते हुए मोदी सरकार के विफलताओं के खिलाफ चार्ज सीट को वितरित कर 2024 लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दोहराएं। **- विजय कुमार मिठू**

# #कांग्रेस महाधिवेशन

कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में CPP चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी जी का स्वागत–सत्कार। प्रदेश नेतृत्व ने पुष्पगुच्छ भेंट कर श्रीमती सोनिया गांधी जी का स्वागत किया। ऐतिहासिक महाधिवेशन इतिहास में दर्ज होगा... क्योंकि यहां से संविधान विरोधी ताकतों के विरुद्ध युद्ध का आगाज़ होगा।



















कांग्रेस महासचिव Priyanka Gandhi Vadra जी कांग्रेस अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए रायपुर, छत्तीसगढ़ पहुंची। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री Bhupesh Baghel , प्रदेशाध्यक्ष श्री Mohan Markam व प्रदेश नेतृत्व ने प्रियंका गांधी जी का स्वागत किया।









# सेवा, संघर्ष और बलिदान सबसे पहले हिंदुस्तान

पटना। कांग्रेस दर्पण

**पटना।** इस संकल्प के साथ कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भुपेश बघेल जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## हमारा लक्ष्य :

- एमएमएमई के जरिए रोजगार
- महंगाई पर लगाम
- आर्थिक असमानता खत्म हो
- अन्नदाताओं को भूखे पेट न सोना पड़े
- गरीब–आदिवासियों को समान अवसर मिले
- लोगों के अधिकारों की रक्षा हो
- लोकतंत्र की रक्षा हो

कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे इस महाअधिवेशन को रोकने के लिए BJP सरकार ने छापा मारा और हमारे लोगों को गिरफ्तार किया। लेकिन फिर भी यहां के मुख्यमंत्री और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जमकर मुकाबला किया और इस अधिवेशन को यशस्वी बनाया। आज देश बेहद कठिन चुनौतियों से गुजर रहा है। सत्ता में बैठे लोगों ने जनता के अधिकारों पर हमला बोल रखा है। इसलिए आज एक ऐसे आंदोलन की जरूरत है, जहां देशवासियों को कहना होगा– सेवा, संघर्ष और बलिदान, सबसे पहले हिंदुस्तान।

महात्मा गांधी जी करीब 100 साल पहले बेलगाम महाअधिवेशन में कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। उन्होंने कांग्रेस को किसानों, मजदूरों, गरीबों व वंचितों से जोड़ा। यहीं से कांग्रेस जन आंदोलन के रूप में जनता के बीच आई और पूरा देश कांग्रेस के साथ खड़ा हुआ। मैं आज राहुल गांधी जी का धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने नफरत के माहौल में रोशनी की उम्मीद देकर संघर्ष की मशाल जला दी। 'भारत जोड़ो यात्रा' देश की उम्मीदों की नई सुबह का नाम है, जिसकी रोशनी पूरे देश में फैल चुकी है।

हम सभी उस गौरवशाली विरासत की नुमाइंदगी कर रहे हैं, जिसे– महात्मा गांधी जी, पंडितत नेहरू जी, सुभाष चंद्र बोस जी, सरदार पटेल जी, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद जी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी, सरोजिनी नायडू जी, इंदिरा जी, राजीव जी ने अपने समर्पण से सींचा है। यह केवल कांग्रेस में ही संभव है कि एक साधारण व्यक्ति जो कभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष था, आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित हो गया। यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा सबूत है।



## कांग्रेस के राष्ट्रीय महाधिवेशन में अधिवेशन में पारित प्रस्तावों और सभी अध्यक्षों की जीवनी पर किताब का हुआ विमोचन









पटना। कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस के राष्ट्रीय महाधिवेशन में अभी तक के हुए सभी अधिवेशन में पारित प्रस्तावों और सभी अध्यक्षों की जीवनी पर बिहार के डा शशि कुमार सिंह द्वारा लिखी गई पुस्तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महाधिवेशन 1885 से 2023 हिंदी एवं sessions of the Indian National Congress 1885 to 2023 अंग्रेजी का विमोचन शनिवार को श्रीमती सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी, श्री मलिकार्जुन खरगे, श्रीमती प्रियंका गांधी, श्री भूपेश बघेल श्री केसी वेणुगोपाल श्री पवन कुमार बंसल सहित अनेक दिग्गजों ने किया। यह पुस्तक हिंदी में और "sessions of the Indian National Congress 1885 to 2023 अंग्रेजी में है। इस पुस्तक को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रकाशित किया है। इस पुस्तक में अट्ठारह सौ पचासी से अब तक हुए 84 अधिवेशन, बीच–बीच में हुए विशेष अधिवेशन, तथा स्थगित अधिवेशन में लिए गए प्रस्ताव का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया है साथ ही सभी कांग्रेसी अध्यक्षों का जीवन विवरण भी लिपिबद्ध किया गया है।डॉ शशि कुमार सिंह ने पूर्व में ₹राजीव गांधी 21वीं सदी की परिकल्पना₹ नामक शोध ग्रंथ लिखा था जिस पर इन्हें डी लिट की उपाधि मिली और उसका आमुख श्रीमती सोनिया गांधी ने लिखा। इसके अतिरिक्त इन्होंने कांग्रेस के विभिन्न ऐतिहासिक और समसामयिक पक्षों पर अनेकों किताब लिखा है। इस पुस्तक से कांग्रेस एवं देश और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी को जानने में सहायता मिलेगी। इस पुस्तक के लेखक डॉ शशि कुमार सिंह बिहार के वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग से संबंधित है तथा बिहार कांग्रेस में विचार विभाग के चेयरमैन हैं।


**-सधन्यवाद, आनन्द माधव**

**कांग्रेस पार्टी के 85वें राष्ट्रीय महाधिवेशन में पूर्व विधायक व बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती अमिता भूषण जी, सच्चिदानंद सिंह, अमित कुमार बॉबी, जिला परिषद सदस्य अमित कुमार, कुमार रत्नेश टुल्लू, युवा कांग्रेस महासचिव राघव कुमार, सेवादल के वरिष्ठ साथी जयप्रकाश गुप्ता,नीरज कुमार एवं अन्य बिहार प्रदेश कांग्रेस सदस्य एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सदस्य।**



















# कांग्रेस पार्टी के 85वें राष्ट्रीय महाधिवेशन में बिहार प्रदेश कांग्रेस सदस्य एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सदस्य























# कांग्रेस पार्टी के 85वें राष्ट्रीय महाधिवेशन में बिहार प्रदेश कांग्रेस सदस्य एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सदस्य



















# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सोनिया गांधी से देश के तमाम क्षेत्रीय दलों को एकजुट करने का आग्रह करना स्वागत योग्य : डॉ. चंद्रिका प्रसाद यादव

पटना। कांग्रेस दर्पण

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पूर्णिया की रैली में खुले मंच से सोनिया गांधी से देश के तमाम क्षेत्रीय दलों को 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एकजुट करने का आग्रह करना स्वागत योग्य कदम है। उक्त बातें जाने माने शिक्षाविद एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने कही। गौरतलब है कि पूर्णिया में महागठबंधन की रैली थी जिसमें राजद, कांग्रेस और जदयू समेत बिहार के लगभग सात प्रमुख दलों ने अपनी एकजुटता दिखाई। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने खुले मंच से कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से देश के तमाम क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस के नेतृत्व में एकजुट करने का आग्रह किया। इस दौरान नीतीश कुमार ने कहा कि जिस तरह बिहार में महागठबंधन विभिन्न दलों के साथ एकजुट और मजबूत है। उसी तरह देश में भी कांग्रेस के नेतृत्व में तमाम क्षेत्रीय दलों को एकजुट करने की जरूरत आज के समय की मांग है। श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का यह बयान अत्यंत ही सराहनीय है। इस तरह की पहल का हम सभी कांग्रेसी जन स्वागत करेंगे।

**-डॉ. चंद्रिका प्रसाद यादव, शिक्षाविद सह सदस्य, पॉलिटिकल अफेयर कमिटी, कांग्रेस पार्टी, बिहार प्रदेश**









# 2024 मे कांग्रेस आना तय जनता अब कांग्रेस के साथ है: इंजिनियर टीपू

पटना ।कांग्रेस दर्पण

इंजिनियर टीपू युवा कांग्रेस अध्यक्ष बिहार शरीफ ने सभी जनता का शुक्रिया अदा किया दिनांक 25 फरवरी के दिन पूर्णिया मे रंग भुमि मैदान मे महागठबंधन की महारैली को सफल बनाने के लिए ,2024 मे कांग्रेस आना तय जनता अब कांग्रेस के साथ है )) दिनांक 25 फरवरी के दिन पूर्णिया मे रंग भुमि मैदान मे महागठबंधन की महारैली सफल हुई इससे ये भी साबित होता है जनता अब 2024 मै यूपीए के साथ है इंजीनियर टीपू युवा कांग्रेस अध्यक्ष बिहार शरीफ सभी जनता का शुक्रिया अदा करते और उनसे निवेदन करते है और जनता को भी बताए के 2024 मै तानाशाह सरकार को हटाके यूपीए की सरकार वापस लाए यूपीए सरकार ही सच मै सबका साथ सबका विकाश कर सकती तानाशाह सरकार सिर्फ जुंबलेबाजी करती और नफरत की राजनीति करती है अब देश की युवा को आगे आना चाहिए सच्चाई का साथ देना चाहिए











# समाज और देश को बांटने की बात करते हैं गृह मंत्री अमित शाह: डॉ. चंद्रिका प्रसाद यादव

## बिहार के विकास की बात पर क्यों बंद हो जाती है गृह मंत्री की जुबान ?

**पटना।कांग्रेस दर्पण**


धारा 370 हटाने की बात देश के गृह मंत्री द्वारा बिहार की सभा में किए जाने का आखिर औचित्य क्या है? गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा हमेशा ही देश और समाज को बांटने वाली बात की जाती है।पूरा देश देख रहा है कि आखिरकार गोडसे की पाठशाला से निकले लोग किस तरह से समाज को तोड़ने की बात कर रहे हैं। गृह मंत्री के बिहार दौरे के बाद जाने माने शिक्षाविद एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस पार्टी के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने उन पर जोरदार हमला बोला। डॉक्टर यादव ने कहा कि अमित शाह जी बिहार आए। लेकिन बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने के मद्देनजर उन्होंने कोई घोषणा नहीं की। आखिर भाजपा क्या पूरे देश को सांप्रदायिक आग में झोंक देना चाहती है? अगर उनकी मनसा ऐसी है, तो कांग्रेस पार्टी उसे कदापि पूरा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि अपने भाषणों में गृह मंत्री ने केवल सांप्रदायिक आग उगलने के सिवाय सूबे के विकास की कोई भी बात नहीं कही।जो की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके वक्तव्यों से तो साफ जाहिर होता है कि बीजेपी इस देश को सांप्रदायिक आग में जलाकर उसपर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना चाहती है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा बिल्कुल भी नही होने देगी और जो भी ऐसा सोचेंगे उनके मंसूबों पर पानी फिर जाएगा।



कांग्रेस पार्टी ने ऐसे ही समाज को तोड़ने वाली सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ देश को जोड़ने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा का सफल आयोजन किया। जिसे पूरे देश ने सराहा और उसका परिणाम भी आज दिख रहा है।

कांग्रेस पार्टी ने अल्पसंख्यकों, और युवाओं, के साथ एससी/एसटी तथा ओबीसी और महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी देश की राजनीति में सुनिश्चित हो इसके लिए पार्टी ने रायपुर में चल रहे महाधिवेशन में एक राजनीतिक प्रस्ताव भी पास किया है। जिसमें इन सब को पार्टी की कार्यसमिति में 50 प्रतिशत आरक्षण के साथ शामिल किया जाएगा। पार्टी की ओर से इसे एक बेहतरीन पहल मानते हुए डॉक्टर यादव ने इसका स्वागत किया एवं इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव तारिक अनवर, सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रायपुर का महाधिवेशन कांग्रेस पार्टी के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा और 2024 में इसका परिणाम भी सामने आएगा। जब ऐसी सांप्रदायिक और फासीवादी ताकत को केंद्र की सत्ता से बेदखल किया जायेगा। क्योंकि देश तोड़ने वाली ताकतों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सीना ताने खड़ी है कि हम ऐसा कतई नहीं होने देंगे और इस तरह की सांप्रदायिक ताकतों को देश से खदेड़ कर ही दम लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग महात्मा गांधी के अनुयायी हैं जिनके विचारों को पूरा विश्व मानता है। ये गोडसे को मानने वाले लोग हैं।लिहाजा, इनमें इतना माद्दा नहीं कि ये हमारे विचारों के आगे टिक भी सकें।

**-डॉ.चंद्रिका प्रसाद यादव, शिक्षाविद सह सदस्य, पॉलिटिकल अफेयर कमिटी, कांग्रेस पार्टी, बिहार प्रदेश।**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य निर्वाचित होने पर मैं भाई दिलीप जी को हार्दिक शुभकामना,बधाई एवं हृदय से आशीर्वाद देता हूं।इन्हे सदस्य चुने जाने पर हम सभी नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यगण अपने आप को गौरवान्वित एवं सम्मानित महसूस करते है। इसके लिए मैं पार्टी के सर्वमान्य नेता श्रीमति सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री खड़गे साहब, बिहार कांग्रेस के प्रभारी माननीय श्री भक्त चरण दास, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अखिलेश बाबु, पूर्व अध्यक्ष आदरणीय श्री मदन मोहन झा जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए, धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। एकबार पुनः मैं भाई दिलीप जी के साथ अपने सभी साथियों को भी बधाई देता हूं, जो उनके साथ हर परिस्थिति में कार्यरत रहे है।

-आमोद कुमार पाठक

